NBT
नवभारत टाइम्स

# बिक रही है नकली शराब, नहीं हो रहा एक्शन

लॉकडाउन में दिल्ली के सभी सरकारी ठेके बंद हैं, लेकिन वेस्ट दिल्ली के रणहौला विहार स्थित मंदिर वाली गली में नकली शराब बिक रही है। जिसको लेकर स्थानीय ...

Navbharat Times | Updated: 04 May 2020, 08:00:00 AM IST



Fake Liquor Is Being Sold, Action Is Not Being Done

एनबीटी न्यूज, रणहौला : लॉकडाउन में दिल्ली के सभी सरकारी ठेके बंद हैं, लेकिन वेस्ट दिल्ली के रणहौला विहार स्थित मंदिर वाली गली में नकली शराब बिक रही है। जिसको लेकर स्थानीय निवासी कई बार 100 नंबर पर कॉल कर चुके हैं। मगर कोई कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय निवासी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि लॉकडाउन में एक तरफ जहां पर किसी भी तरह की शराब बिक्री पर रोक है। वहीं यहां पर कॉलोनी के अंदर नकली शराब बेची जा रही है। पुलिस को 100 नंबर पर कॉल भी किया था। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जबकि मुझे ही कई अनजान नंबर से कॉल आने लगे। ऐसे में कोई डर के मारे कुछ कहना भी नहीं चाहता है। एक दूसरे निवासी ने बताया कि नकली शराब खरीदने के लिए यहां पर असमाजिक तत्वों डेरा लगा रहता है। जबकि यह एक रिहायशी इलाका है। बच्चे भी रहते है। लोगों काफी परेशान हैं। अगर कुछ कहने जाओ, तो लड़ने लगते हैं। डर का माहौल बना रहता है। कोई कुछ बोलने से भी डरता है। इनके खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाही होनी चाहिए, ताकि रिहायशी इलाके से यह शराब की बिक्री रूक जाए।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/metro/delhi/other-news/fake-liquor-is-being-sold-action-is-not-being-done/articleshow/75520271.cms